बृहन्मुंबई महानगरपालिका शिक्षण विभाग

संकलित मूल्यमापन - 1   सत्र: 2018-19

इयत्ता-पाचवी   विषय:- मातृभाषा - हिंदी   पूर्णांक: 40

विद्यार्थी का नाम:-   क्रमांक- ☐

शाला का नाम:-

दिनांक:-   प्राप्त गुण:- ☐

पर्यवेक्षक हस्ताक्षरी:-

प्रश्न क्रमांक	1	2	3	4	5	6	7	मौखिक		कुल	शिक्षक ह.इ.
प्राप्तांक											
पूर्णांक	5	5	5	5	10	5	5	5	5	50	

प्रश्न:-1:- शब्द सुनो और लिखो।   (अंक- 5)

1) ________   2) ________

3) ________   4) ________

5) ________   6) ________

7) ________   8) ________

9) ________   10) ________

प्रश्न:-2:- निम्न परिच्छेद मन में पढ़ो और प्रश्नों के उत्तर लिखो

नाट्यकला मनुष्य की अभिव्यक्ति का एक प्रभावी माध्यम है। किसी वास्तविक अथवा काल्पनिक वस्तु, स्थिति का आभास निर्माण करके उसे दिखाना, प्रस्तुत करना नाट्य है। देखे, सुने हुए प्रसंगों का अनुकरण करके पुन: प्रस्तुत करना एक कला है। इस प्रस्तुति में चेहरे के हाव-भाव, भाषा, आवाज में उतार--चढ़ाव महत्वपूर्ण है। शारीरिक क्रियाएँ, चेहरे के हाव-भाव और साथ में संबंधित शब्दों द्वारा अभिनय किया जाता है। इसी को नाट्यकला कहते है। अभिनय के कई प्रकार हैं। शारीरिक क्रियाओं द्वारा व्यक्त किए जाने वाले अभिनय को 'कायिक अभिनय' कहते है। शब्दों की सहायता से प्रस्तुत किया जाने वाला अभिनय 'वाचिक अभिनय' तथा चेहरे के भावों द्वारा किया गया अभिनय 'मुद्रा अभिनय' कहलाता है।

Scanned by CamScanner

(अंक-1)

अ) नाट्य किसे कहते है?

उत्तर:-

(अंक-2)

ब) नाट्यकला से क्या तात्पर्य है?

उत्तर:-

क) अभिनय के कौन-कौन-से प्रकार हैं? (अंक-2)

उत्तर:-

प्रश्न:-3:- निम्न सार्वजनिक निवेदन पढ़ो और प्रश्नों के उत्तर लिखो।

सार्वजनिक निवेदन
(खंडाला-लोणावला रेल संभाग, पुणे) निवेदन किया जाता है कि खंडाला-लोणावला के बीच रेल की पटरियाँ बदलने एवं मरम्मत करने का कार्य चल रहा है। अतः 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2018 के बीच पुणे की ओर आने वाला रेल यातायात बंद रहेगा। रेल विभाग शीघ्रातिशीघ्र यह कार्य पूर्ण करने के प्रयास में रत है। मुंबई से पुणे आने वाली सभी रेलें 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2018 के बीच प्रभावित रहेगी। यात्री अन्य विकल्प का उपयोग कर रेल विभाग को सहयोग दें। महाप्रबंधक, रेल विभाग - मुंबई

अ) रेल विभाग द्वारा कौन-सा कार्य किया जा रहा है? (अंक-1)

उत्तर:-

ब) रेल यातायात किन दिनों के लिए बंद रहेगा? (अंक-2)

उत्तर:-

क) रेल विभाग ने यात्रियों से किस सहयोग की अपेक्षा की है? (अंक-2)

उत्तर:-

Scanned by CamScanner

प्रश्नः-4:- निम्न कविता मन में पढ़ो और प्रश्नों के उत्तर लिखो।

मैं नन्हा-सा पथिक विश्व के
पथ पर चलना सीख रहा हूँ,
मैं नन्हा सा विहग विश्व के
नभ में उड़ना सीख रहा हूँ।
पहुँच सकूँ निर्दिष्ट लक्ष्य तक
मुझको ऐसे पग दो, पर दो।।
पंख बहुत नन्हे हैं मेरे,
ऊँचा अधिक न उड़ पाता हूँ।
लक्ष्य दूर तक उड़ पाने का
प्राप्त नहीं मैं कर पाता हूँ।
शक्ति मिले तो उड़ पाऊँ मैं
मेरे हित कुछ ऐसा कर दो।।
(द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी)

अ) विश्व के पथ पर कौन चलना सीख रहा है? (अंक-1)

उत्तरः-

ब) पंख नन्हे होने के कारण कवि क्या नहीं कर पाता है? (अंक-2)

उत्तरः-

क) कवि का आशावाद किन पंक्तियों में व्यक्त हुआ है? वे पंक्तियाँ लिखो। (अंक-2)

उत्तरः-

प्रश्नः-5:- नीचे दिए गए प्रश्न सूचना के अनुसार हल करो।

अ) निम्न वाक्य में उचित स्थानों पर विराम चिह्न लगाओ। (अंक-1)
काबुलीवाले ने पूछा "बिटिया अब कौन-सी चूड़ियाँ चाहिए"

उत्तरः-

ब) किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर उसका वाक्य में प्रयोग करो। (अंक-1)
नाच न जाने आँगन टेढ़ा, नौ नगद न तेरह उधार

उत्तरः-

क) निम्न शब्दों के संयुक्ताक्षरों में कौन-से वर्ण पूर्ण है और कौन-से अपूर्ण, वह लिखो। (अंक-1)
(जैसे- निम्न- 'म्' अपूर्ण, 'न' पूर्ण वर्ण है।)

Scanned by CamScanner

वस्तु , गुप्त
पूर्ण वर्ण :-
अपूर्ण वर्ण :-

(ड) निम्न रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखो। (अंक-1)
मैं अपने शिक्षकों का बड़ा आदर करता था।
उत्तर:-

(ढ) नीचे दिए गए शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखो। (अंक-2)
प्रकाश × ----------------
मित्रता × ----------------

(फ) नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो। (अंक-2)
शक्ति × ----------
पानी × ----------

(ग) निम्न शब्द समूहों के लिए सार्थक शब्द लिखो। (अंक-2)
1) देश से प्रेम करने वाला = ________
2) कृषि कार्य करने वाला = ________

प्रश्नः-6:- नीचे दिए गए प्रसंग के आधार पर एक कहानी लिखो। (अंक-5)

राह चलते एक व्यक्ति बेहोश होकर गिर पड़ा है। ऐसी स्थिति में उसकी सहायता के लिए तुम क्या-क्या करोगे?

Scanned by CamScanner

प्रश्न क्र.7:- नीचे कुछ शब्द दिए है। उन शब्दों के आधार पर कहानी लिखो। (अंक-5)

गाँव .... नदी .... खेती ..... दुकान

Scanned by CamScanner